हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 26 .5 डिग्री
न्यूनतम 9 .3 डिग्री

12 परिवार के स्वावलंबन में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण



12 आरओबी के सर्विस रोड का चौड़ा करने का रास्ता साफ, लोगों को मिली राहत



## खबर संक्षेप

### हत्या के प्रयास का आरोपी चढ़ा हत्थे

**कुंड।** सीआईए ने लगभग चार साल पहले चोरी व हत्या के प्रयास मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात के बाद चोरी व हत्या के प्रयास का मामला 29 अक्टूबर 2022 को दर्ज किया था। जांच के बाद कुछ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में अब सीआईए ने पलवल के घाघोट निवासी ओमबीर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पूछताछ करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### मारपीट व धमकी मामले दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** कसोला थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मारपीट में घायल हुए कसोला के एक ग्रामीण के बयान पर पुलिस ने 15 फरवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उसने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने कसोला निवासी ब्रह्मपाल और अमन को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना के मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रामपुरा थाना पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहित को प्रताड़ित करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। आरोप गंभीर होने के कारण दोनों पक्षों में समझौता नहीं हुआ था। पुलिस ने इसके बाद 2 जून को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद एक गांव निवासी रामअवतार को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### बाइक चोरी के तीन आरोपी भेजे जेल

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामलों में गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस ने बाइक चोरी के मामलों में नूंह के सौंध निवासी मकसूद, साबिर व सलीम को गिरफ्तार किया था। आरोपियों के खिलाफ बाइक चोरी के कई मामले दर्ज हैं। इस मामले में दो आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया गया था। इन तीनों आरोपियों को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### पोक्सो एक्ट के तहत तीसरा आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने नाबालिग से अनैतिक कार्य कराने के मामले में मां व होटल मैनेजर को गिरफ्तार करने के बाद एक और आरोपी को काबू किया है। पुलिस ने महेंद्रगढ़ के एक गांव निवासी महिला को काबू करते हुए उसकी 15 साल की बेटी को मुक्त कराया था। होटल मैनेजर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आरोपियों से रिमांड के दौरान पूछताछ के बाद राजस्थान के तराना गांव निवासी सचिन को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### यादव सभा की मासिक बैठक रविवार को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 22 फरवरी को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में मासिक बैठक व फ्री चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में छाती रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग, सर्जरी, चर्म रोग, नेत्र रोग व दंत रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर ओपीडी की सेवाओं के लिए उपलब्ध रहेंगे।

---

### एलएलबी के छात्र ने दिया था हत्या की वारदात को अंजाम

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुला राज, सामान्य नहीं थी रिटायर्ड सैनिक की मौत, दो आरोपी पकड़े

**मौत अधिक शराब पीने से नहीं, बल्कि नुकीले पेंचकश के वार करने से हुई। एलएलबी के छात्र ने लूट के इरादे से की थी वारदात।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बास बटौड़ी में गत 3 फरवरी की सुबह अपने घर के कमरे में मृत मिले लगभग 60 वर्षीय रिटायर्ड वायु सैनिक की मौत का राज पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने खोल दिया है। उसकी मौत अधिक शराब पीने से नहीं, बल्कि नुकीले पेंचकश के वार करने से हुई थी। एलएलबी के छात्र ने लूट के इरादे से हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। हत्या करने के बाद लाखों रुपये के स्वर्ण आभूषण और नकदी आरोपी अपने दोस्त के साथ लूट ले गया था। सीआईए की टीम ने मुख्य आरोपी और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कोर्ट से 3 दिन के रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान लूट का सामान बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। भारतीय वायु सेना से रिटायर्ड महाराम लगभग 7 साल से अपने घर पर अकेला रह रहा था। वह शराब पीने का आदि था। कई दिनों तक वह घर से बाहर नहीं आया, 3 फरवरी को तो पड़ोस के लोगों ने घर में झांककर देखा। वह चारपाई पर मृतावस्था में पड़ा हुआ था। सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया था। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया था। इसके बाद मृतक के बेटे निलेश और उसकी पत्नी मंगेशा को सूचना देकर बुलाया गया। निलेश अपनी मां के साथ बिठवाना से गांव पहुंचा। उस समय पुलिस को बताया गया कि महाराम शराब पीने का आदि था। वह एलर्जी रोग से पीड़ित चला आ रहा था। उसकी मौत अधिक शराब पीने से होने का अनुमान लगाया गया था। पुलिस ने सामान्य कार्यवाही करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया था।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ़्त में आरोपी व जानकारी देते डीएसपी श्योराण। फोटो : हरिभूमि

■ 55 ग्राम सोना, एक किलोग्राम चांदी और 35 हजार रुपये लूटे थे

#### शराब पीने के बाद हत्या की वारदात

*डीएसपी सुरेंद्र श्योराण ने पत्रकारों को बताया कि 28 जनवरी की रात महाराम के लिए विशाल शराब लेकर आया था। शराब देने के बाद वह घर से चला गया। इसके बाद घर से पेंचकश लेकर आया और महाराम की हत्या कर दी। बाद में वह 55 ग्राम सोना, एक किलोग्राम चांदी व 35 हजार रुपये लूट ले गया। हत्या के बाद उसने दोस्त वार्ड ब्वाय का कार्य करने वाले खालेटा निवासी साहिल को बुला लिया।*

#### सात साल पहले घर से निकाले मां-बेटा

*महाराम अक्सर शराब के नशे में रहता था। उसका बेटा निलेश विरोध करता था, जिस कारण दोनों बाप-बेटों के बीच झगड़ा होता था। निलेश बावल की एक कंपनी में नौकरी करता है। 7 साल पहले वह अपनी मां के साथ बिठवाना में किराए का मकान लेकर रहने लगा था। महाराम उसके बाद से ही घर पर अकेला रहता था। मां-बेटा उससे मिलने के लिए काफी समय से गांव नहीं आए थे।*

#### पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद एक्टिव हुई पुलिस

*पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया महाराम के शरीर पर मिले चोट के निशान साबित करते हैं कि उसकी मौत अधिक पीने से नहीं, बल्कि चोटों के कारण हुई थी। रिपोर्ट आने के बाद खोल थाना पुलिस ने मंगेशा के बयान पर गत 14 फरवरी को हत्या का केस दर्ज किया था। सीआईए ने हत्याकांड की जांच शुरू की थी।*

#### केयर टेकर की तरह रहता था विशाल

*वृद्ध महाराम के लिए गांव का ही युवक विशाल केयर टेकर की तरह कार्य करता था। विशाल सहारनवास कॉलेज में एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था।वह महाराम के घर पर अक्सर दूध लेने व घरेलू सामान लाने के लिए आता रहता था। इसी दौरान उसे पता चल गया कि महाराम के पास लाखों रुपये के गहने हैं। इसके बाद उसने लूट की साजिश को अंजाम देने का निर्णय लिया।*

---



रेवाड़ी। बेटी का घोड़ी पर बनवारा निकालते परिजन। फोटो : हरिभूमि

### बेटी का घोड़ी पर बनवारा निकालकर समाज को दिया संदेश

*रेवाड़ी। क्षेत्र के गांव बुडौली में बेटी का घोड़ी पर बैठाकर धूमधाम से बनवारा निकाला गया। दिलपत सैन की पौत्री अंजना सैन की शादी वीरवार को फलेरा दौज पर हुई। अंजना के पिता सुरेंद्र सिंह सेना में सूबेदार है और माता अमिता ग्रहणी है। अंजना के परिवार में सभी शिक्षित सदस्य है। सभी की सोच है कि लड़की को बोझ समझने की बजाय आगे बढ़ने के अवसर दिए जाए तथा बेटे की तरह समझा जाए। अंजना बीपीएड करने के बाद शिक्षक की तैयारी कर रही है। अंजना की शादी वीरवार को कनीना निवासी शिवम के साथ सम्पन्न हुई। शिवम भारतीय नौसेना में कार्यरत है। इस मौके पर मास्टर सुनील,डीपीई अनिल, डीपीई राजकुमार, लेक्चरर जितेंद्र सैन, हवलदार बिजेंद्र, हवलदार रविंद्र, नरेंद्र फौजी, सतपाल, राजपाल, नवीन व सतेंद्र सहित अनेक गणमान्य मौजूद थे।*

### इन्वेस्टमेंट में मुनाफा कमाने का लालच देकर लगाया 3.58 लाख का चूना

**रेवाड़ी।** हार्डवेयर की दुकान चलाने वाले एक व्यक्ति को इन्वेस्टमेंट से मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर साइबर ठगों ने 3.58 लाख रुपये की चपत लगा दी। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। मोहल्ला छीपटवाड़ा निवासी संजय जैमिनी ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि वह हार्डवेयर की दुकान चलाता है। उसने सोशल मीडिया पर एक विज्ञापन देखा था, जिसमें ऑनलाइन बिजनेस में पैसा लगाकर मोटा मुनाफा कमाने की बात कही गई थी। उस पर लिखे नंबरों पर उसने संपर्क किया तो उसे एक ग्रुप से जोड़ दिया गया। इसके बाद उससे पैसे जमा कराने शुरू कर दिए। कई ट्रांसजेक्शन के जरिए उसने 358418 रुपये जमा करा दिए। उसके खाते में ज्यादा पैसा दर्शाया जाता रहा। जब उसने पैसा निकालने का प्रयास किया, तो उससे और पैसे जमा कराने के लिए कहा गया। उसे ठगी का अहसास हुआ। उसने बैंक डिटेल भी पुलिस को उपलब्ध कराई है। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी रकम ट्रांसफर हुई है।

---

## नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की जेल



रेवाड़ी। जिला न्यायिक परिसर रेवाड़ी। फोटो : हरिभूमि

■ जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोषी को 20 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश लोकेश गुप्ता की फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने नाबालिग का अपहरण और दुष्कर्म करने के मामले में संलिप्त आरोपी अमित कुमार निवासी गांव सरोजा जिला बेगूसराय बिहार को दोषी करार देते हुए 20 साल कैद व 30 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोषी को 20 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। क्षेत्र के एक व्यक्ति ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 27 मई 2022 की रात को उनका पूरा परिवार घर पर सोया हुआ था। देर रात करीब 2 बजे उनकी आंख खुली तो उन्होंने देखा कि उनकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी घर पर नहीं थी। आसपास काफी तलाश की, लेकिन उनकी लड़की का कहीं पता नहीं चला। शक था कि मूलरूप से बिहार का रहने वाला अमित कुमार उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

#### पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी

*पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। पुलिस ने पीड़िता को बरामद कर लिया था। बरामदगी के बाद दिए बयान में नाबालिग ने आरोपी अमित कुमार पर बहला फुसला कर ले जाने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले में पोक्सो एक्ट की धारा ईजाद करके मामले में संलिप्त आरोपी अमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने जांच पूरी होने के बाद अदालत में चार्जशीट दायर की। साक्ष्यों और सभी पहलुओं पर सुनवाई के बाद फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के एएसजे लोकेश गुप्ता ने आरोपी अमित कुमार दोषी करार दिया। अदालत ने दोषी को 20 साल कैद और 30 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं भरने पर दोषी को 20 महीने की अतिरिक्त सजा भी भुगतनी होगी।*

---

## चोरी व फायरिंग का आरोपी साढ़े तीन साल बाद गिरफ्तार

■ चार आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

औलांत में हथियार के बल पर घर में घुसकर चोरी करने और पंच पर गोली चलाने के मामले में करीब साढ़े तीन साल से फरार एक और आरोपी को सीआईए ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में चार आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

29 अक्टूबर 2022 को गांव औलांत निवासी ओमप्रकाश ने अपनी शिकायत में बताया था कि सुबह के समय करीब 3 बजे उन्हें अपने घर के दूसरे कमरों से आवाज सुनाई दी। इसके बाद उनकी आंख खुल गई और उन्होंने देखा कि दो लड़के कमरे में रखे बक्से को चोरी करके ले जा रहे हैं। इस पर उन्होंने शोर मचाया तो उसका बेटा भी उठ गया। इसके बाद उन्होंने चोरों का पीछा किया तो दो और इनके साथी बाहर खड़े हुए थे। जब चारों बक्से को लेकर भागने लगे तो उन्होंने शोर मचा दिया। जब विजय पंच के घर के पास गुजरने लगे तो शोर की वजह से वह भी जाग गए और उन्होंने भी पीछा करना शुरू कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने बक्से को साइड में फेंक दिया और विजय पंच पर पीछा करने के कारण उस पर फायर कर दिया। इसके बाद आरोपी बक्से में रखे हुए 40 हजार रुपए की नकदी सहित अन्य जेवरात चोरी कर ले गए। आरोपियों ने इससे पहले रविंद्र और महेश कुमार के मकान में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में चोरी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

#### » दो दिन के रिमांड पर लिया आरोपी

पुलिस जांच में पता चला था कि मामले में संलिप्त आरोपियों ने 14 फरवरी 2023 को गांव बासदुधा निवासी अमित कुमार के घर पर भी कुल्हाड़ी और देशी पिस्टल के बल पर लूट का प्रयास किया गया था। इस दौरान आरोपियों ने गोलियां भी चलाई जिसके बाद वह फरार हो गए थे। इस मामले सीआईए ने पलवल के गांव घाघोट निवासी ओमबीर को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

---

## सीजेएम ने हिट एंड रन कमेटी के साथ की मामलों की समीक्षा

**रेवाड़ी।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अमित वर्मा की अध्यक्षता में वीरवार को हिट एंड रन कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। सीजेएम वर्मा ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार राजशेखरन वर्सेस यूनियन ऑफ इंडिया केस में दिए गए आदेश को ध्यान में रखते हुए हिट एंड रन मामलों के बारे में उचित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात के अंधेरे में या कहीं कोई अज्ञात वाहन किसी राहगीर को टक्कर मारकर घायल कर दे या घायल की मृत्यु हो जाए तो जनरल इंश्योरेंस कंपनी से पीड़ित परिवार को मुआवजा मिलता है। साल में रेवाड़ी में 79, बावल में 35 और कोसली उपमंडल में हिट एंड रन के 5 मामले दर्ज हो चुके हैं। इनमें एसडीएम द्वारा डीसी को रिपोर्ट भिजवाई जाती है। सीजेएम ने कहा कि अभी तक जो मामले पुलिस ने दर्ज किए हैं, उनमें इंश्योरेंस कंपनी से मिलकर पीड़ितों को क्लेम दिलाने की प्रक्रिया तेज की जाए। बैठक में एसडीएम सुरेश कुमार, एसडीएम बावल मनोज कुमार, एसडीएम कोसली विजय कुमार तथा डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार मौजूद थे।



रेवाड़ी। हिट एंड रन कमेटी की बैठक लेते सीजेएम अमित वर्मा।



रेवाड़ी। छात्र को सम्मानित करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### सोमाणी कॉलेज के दो छात्रों को एमडीयू में मिला गोल्ड मेडल

*रेवाड़ी। महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक में आयोजित गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन में सोमाणी कॉलेज के प्रिंटिंग डिपार्टमेंट के दो छात्रों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। बीटेक प्रिंटिंग डिपार्टमेंट के टॉपर गगन देव और एमटेक के टॉपर प्रवीण कुमार को यह पुरस्कार मिला। एमडीयू के वीसी प्रोफेसर जगबीर सिंह और चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने दोनों छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किए। इस उपलब्धि पर सोमाणी कॉलेज प्रिंटिंग विभाग की एचओडी प्रोफेसर सोनम वर्मा और स्टाफ सदस्यों ने दोनों छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।*

---

### एक सप्ताह तक आसमान साफ रहने की संभावना, अब सर्दी की विदाई का समय आ गया करीब

# आसमान साफ होते ही चढ़ा पारा, अब लगातार बढ़ेगा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीते बुधवार को जिले भर में हुई औसत 3.0 एमएम तक बारिश के बाद आसमान साफ हो गया। तेज धूप खिलते ही पारा 7.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया, जिससे दिन में ठंड का असर पूरी तरह गायब हो गया। अब अगले एक सप्ताह तक मौसम साफ बना रहने की संभावना है, जिससे दिन के तापमान में लगातार वृद्धि हो सकती है। ठंड की विदाई का समय आ गया है। वीरवार को सुबह से ही आसमान साफ बना रहा। एक दिन पहले ही बारिश होने के बाद तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई थी, जिससे ठंड ने कंपकंपी छुड़ा दी थी। आसमान साफ होते ही सूरज की चमक ने ठंड का असर कम कर दिया। वीरवार को अधिकतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 26.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। रात का तापमान 4.6 डिग्री की गिरावट के साथ 9.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

रात और दिन के तापमान में अंतर बढ़ने के साथ ही ठंड का असर भी लगभग खत्म हो गया। दोपहर के समय गर्म कपड़े शरीर को चुभने शुरू हो गए। हवा में नमी का स्तर 58 प्रतिशत तक रहा। हवाओं की गति काफी कम 5 किलोमीटर प्रति घंटा रही। मौसम विभाग के अनुसार अब लगभग एक सप्ताह तक आसमान साफ बना रह सकता है। खुष्क मौसम में दिन का तापमान अभी और बढ़ेगा। रात के तापमान में भी आने वाले दिनों में वृद्धि होगी, जिससे सुबह और शाम के समय भी ठंड का असर लगभग खत्म होना शुरू हो जाएगा। फरवरी के अंत तक दिन के समय गर्मी अपनी उपस्थिति दर्ज कराना शुरू देगी।




रेवाड़ी। एक खेत में तैयार हो रही सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

#### हल्की बरसात के रूप में बरसा सोना

*रबी की प्रमुख फसलों को इस समय बारिश की दरकार थी। जिले के किसानों ने इस बार लगभग 80 हजार हेक्टेयर भूमि पर सरसों और 35 हजार हेक्टेयर में गेहूं की फसल उगाई हुई है। मौसम इस बार किसानों पर मेहरबान रहा है। जनवरी माह में दो से तीन दिन तक पाला जमा था, जिसका गेहूं की फसल पर कोई बुरा असर नहीं पड़ा। एक दिन पहले हुई बारिश किसानों के लिए 'सोना' के रूप में बरसी है। दोनों फसलों के लिए बारिश के लिए लाभदायी साबित हुई हैं। अभी गेहूं की फसल पर रोग की चपेट में आने का खतरा भी टल गया है, जिससे अच्छा फसल उत्पादन होने की संभावना बन गई है।*

### होटल पर खड़े ट्रक का डीजल निकाल ले गए चोर


**रेवाड़ी।** जाटूवास के पास रात को एक होटल पर खड़े ट्रक का सैकड़ों लीटर डीजल चोरी हो गया। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। ट्रक चालक जावेद खान दिल्ली से नीमराना जा रहा था। रात को नींद आने के कारण वह होटल पर ट्रक खड़ा करने के बाद सो गया। सुबह जब वह उठने के बाद नीमराना जाने के लिए ट्रक स्टार्ट करने लगा, तो ट्रक स्टार्ट नहीं हुआ। उसने ट्रक से उतरकर देखा तो डीजल टैंक की पाइप कटी हुई थी। टैंक से पाइप काटकर लगभग 240 लीटर डीजल चोरी कर लिया गया। उसने इसकी शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आसपास के सीसीटवी कैमरों की मदद से तेल चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।



कहानी
प्रकाश मनु

# गुड़िया दोस्तों के साथ चली चांद के देश

बच्चो, अगर चांद तुम्हारे छत पर उतर आए और बगल में बैठकर आसमान की दुनिया के बारे में बताए, इस बीच तुम्हारे दोस्त भी आ जाएं, सबका मन आसमान की सैर करने को हो जाए, तब चांद की किरणों के खटोले पर बैठकर चल दें तो कितना मजा आएगा! ऐसा ही कुछ गुड़िया के साथ हुआ। पढ़ो, बहुत ही मजेदार कहानी।



उस दिन चांदनी रात थी। गुड़िया अपने घर की छत पर बैठी थी। जोर-जोर से चंदा मामा का गीत गा रही थी, जो उसने आज ही अपनी सहेली चांदनी से सीखा था। वह बार-बार झूम- झूमकर गा उठती-



*चंदा मामा दूर के,*
*खोए पकाए भूर के,*
*आप खाएं थाली में*
*गुड़िया को दें प्याली में*
*कितने मीठे, कितने प्यारे*
*लड्डू मोतीचूर के!*

गुड़िया मजे में यह गीत गा रही थी। गाते-गाते उसने चांद की ओर देखा। चांद खिलखिलाकर हंस रहा था। तभी उसने खुद भी एक प्यारा सा गीत बना लिया और मीठे सुर में गाने लगी-

*जल्दी आओ चंदा मामा,*
*पहन के आओ नया पाजामा!*
*उजला-उजला नया पाजामा,*
*पहन के दिखलाओ जी ड्रामा,*
*जिसमें लंबे से हों लामा,*
*जिनसे डर के भागे गामा।*
*भागे गामा, हो हंगामा,*
*दिखलाओ जी ऐसा ड्रामा...!*

अभी वह इस कविता को आगे बढ़ाने के लिए अगली पंक्ति सोच ही रही थी, तभी एक जादू-मंतर सा हुआ। चारों ओर चांदी जैसा खूब घना प्रकाश फैल गया। एकाएक गुड़िया को सुनाई दिया, 'हां, गुड़िया बोलो, मुझे क्यों बुलाया है?'

गुड़िया हैरान। उसकी आंखें चकाचौंध हो रही थीं। उसने अचकचाकर सामने की ओर देखा, 'अरे लो! चंदा मामा तो सामने खड़े हैं! और सचमुच उन्होंने जगमग-जगमग करता सफेद पाजामा पहन रखा है। शुभ्र चांदनी का पाजामा!'

फिर भी गुड़िया ने अपने मन की तसल्ली के लिए पूछा, 'आप...आप चंदा मामा हैं न?'

'हां भई, कोई शक है क्या?' चंदा मामा खुलकर हंसे। फिर बोले, 'तुम लड्डू मोतीचूर के वाला गाना गा रही थीं। खाने हैं तो चलो मेरे साथ।...वहां चाहे जितने मोतीचूर के लड्डू खाना।'

गुड़िया आंखें पटपटाकर बोली, 'ओफ्फोह! चलना तो चाहती हूं, पर अभी मेरी सहेलियां और दोस्त आने वाले हैं। आज हमने कविता-कहानी सुनाने का कार्यक्रम रखा है न! इसी के लिए तो मैं गीत गाकर तैयारी कर रही थी।...और लो जी, यहां तो एक नया ही चक्कर चल पड़ा। मेरे दोस्तों को पता चलेगा तो हक्के-बक्के रह जाएंगे। बल्कि चंदा मामा, उन्हें तो यकीन ही नहीं आएगा कि आप यहां आ गए, मुझसे मिलने।'

'तो चलो, ठीक है। हम भी इंतजार कर लेते हैं तुम्हारे दोस्तों का..।' चंदा मामा ने कहा और गुड़िया के पास वहीं बैठ गए। गुड़िया को प्यारी सी कहानी सुनाने लगे- आसमान की कहानी, चांद-तारों और सूरज की कहानी।

थोड़ी ही देर में गुड़िया की सहेलियां और दोस्त भी आ गए। चंदा मामा को देखकर सब हैरान! गुड़िया ने जब चंदा मामा के बारे में बताया, तो सब उनसे हंस-हंसकर बात करने लगे। आसमान के देश के बारे में बहुत सी बातें पूछने लगे।

चंदा मामा ने कहा, 'चलो, तुम्हें दिखला ही देता हूं अपना देश। और तुम्हें जो कविता-कहानियां सुनानी हैं, उन्हें रास्ते में सुनाते चलना।'

'वाह! वाह! तब तो खूब मजा आएगा।' गुड़िया ने कहा।

'लेकिन चंदा मामा, हम जाएंगे कैसे? आपका देश तो बहुत दूर है न!' नटखट मिंकी ने पूछा।

'हां, पर मुश्किल क्या है। हम तो किरणों के उड़न-खटोले पर जाएंगे न।' चंदा मामा बोले।

'किरणों का उड़न-खटोला!' गुड़िया और उसकी सहेलियों के मुंह अचरज से खुले रह गए, 'सच..!'

'हां!' चंदा मामा ने कहा और उनके इशारा करते ही चांदी की किरणों का चम-चम करता उड़न-खटोला आसमान से जमीन पर आ गया।

सब बच्चे धम-धम-धम करते उसमें बैठे और उड़न-खटोला चल पड़ा। रास्ते में बच्चों ने एक से एक बढ़िया कविताएं-कहानियां सुनानी शुरू कर दीं। कुछ बच्चों ने मजेदार चुटकुले भी सुनाए। हंसते-हंसते चंदा मामा लोट-पोट हो गए।

फिर उड़न-खटोला पहुंचा चांद के देश में। वहां का तो खैर कहना ही क्या था। जिस चीज को देखो, वही चांदी की तरह चम-चम, चम-चम करती हुई। चांदी के कुर्सी-मेज। चांदी का पलंग। चांदी का फर्श। चांदी के फूल, गमले और पर्दे भी।

चंदा मामा ने बच्चों को तारों से मिलवाया, आसमान के राजा सूरज से भी उनकी मुलाकात करवाई, जो बच्चों के सामने सारी तपन छोड़कर ठंडे-शीतल थे। बच्चों ने आसमान में खूब सैर-सपाटा किया। फिर चांद का उड़न-खटोला धरती की ओर चल पड़ा।

बच्चों ने घर आकर अपने-अपने मम्मी-पापा को इस बारे में बताया, तो सब हैरान रह गए। गुड़िया ने हिंदी की मैडम को बताया तो उन्होंने कहा, 'गुड़िया, इस पर एक कहानी लिखो, 'गुड़िया चली चांद के देश'। उसे स्कूल की पत्रिका में छापूंगी। साथ ही किसी बढ़िया आर्टिस्ट से उसका चित्र भी बनवाएंगे।'

गुड़िया ने यह कहानी लिखी तो बच्चों ने खुशी से झूम-झूमकर पढ़ी। अब सब बच्चे यही कहते हैं, गुड़िया अबकी चंदा मामा को हमसे भी मिलवाना। खुद गुड़िया को इंतजार है- देखें, अब कब आते हैं उसके चंदा मामा? आखिर उन्हें भी तो जरूर नन्ही-मुन्नी सी प्यारी गुड़िया की याद आती होगी ना! *

नन्ही कहानी

# हार की चोरी

राजा का पुश्तैनी हार चोरी हो गया। राजा ने अपने मंत्री से सलाह की। मंत्री ने कुछ ऐसी तरकीब निकाली कि बड़ी ही आसानी से हार-चोर पकड़ा गया। मंत्री की क्या थी तरकीब?



एक राजा के महल से उसका पुश्तैनी हार चोरी हो गया। हार जिस जगह से चोरी हुआ था, वहां तक किसी बाहरी आदमी का पहुंच पाना असंभव था। इससे स्पष्ट था कि हार महल के अंदर रहने वालों में से ही किसी ने चुराया है। हार-चोर का पता लगाने के लिए राजा ने अपने मंत्री से सलाह की।

अगले दिन मंत्री एक पुतला लेकर आया। उसने आते ही घोषणा की, 'यह एक मंत्र सिद्ध पुतला है। महल के हर व्यक्ति को इस पुतले के मुंह में अंगुली डालनी है। जिसने हार चुराया है, पुतला उसकी अंगुली पकड़ लेगा।'

मंत्री ने वह पुतला महल के एक कक्ष में रखवा दिया, स्वयं दरवाजे के पास प्रसाद के लड्डू लेकर खड़ा हो गया। सब लोग कक्ष में जाते, पुतले के मुंह में अंगुली डालकर वापस आ जाते। मंत्री सबको हाथ में प्रसाद देकर विदा कर रहा था। इसी क्रम में जब एक दासी कमरे से निकली और जैसे ही उसने प्रसाद लेने के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया, मंत्री ने उसका हाथ पकड़ लिया और राजा से कहा, 'इसी ने हार चुराया है।'

दासी ने पहले तो ना-नुकुर किया, लेकिन जब राजा ने सख्ती दिखाई तो उसने मान लिया कि हार की चोरी उसी ने की है।

राजा ने मंत्री से पूछा, 'मंत्री जी, आपने कैसे पता लगाया कि हार की चोरी इसी दासी ने की है?'

मंत्री ने बताया, 'महाराज, मैंने पुतले के मुंह में रंग लगा दिया था, जो भी उसके मुंह में अंगुली डाल रहा था, उसकी अंगुली में रंग लग रहा था। लेकिन दासी की अंगुली में कोई रंग नहीं लगा था, क्योंकि उसने पुतले के मुंह में अंगुली डाली ही नहीं। उसे डर था, पुतला उसकी अंगुली पकड़ लेगा, क्योंकि हार की चोरी उसी ने की थी।'

**सार:** चोर का मन बहुत कमजोर होता है। * **प्रस्तुति: एफएमएन**

कविता / डॉ. मीरा सिंह 'मीरा'

# चिड़िया सच बतलाना



चिड़िया, चिड़िया, सच बतलाना,
नीड़ बनाना कैसे जाना?
चुग-चुग दाने चुनकर लाती,
क्या ना थकती, सच बतलाना?
क्या तू भी कुछ नियम तोड़ती,
क्या भरती कोई जुर्माना?
पंख सुनहरे इतने प्यारे,
कहां से पाया, यह बतलाना?
क्या जाती तू नित विद्यालय,
कौन सिखाता तुझको गाना?
जब ऊंचे नभ में उड़ती है,
कैसा लगता, सच बतलाना?

कविता / शिवचरण चौहान

# फागुन के फुर्तीले दिन

फागुन के फुर्तीले दिन,
प्यारे रंग-रंगीले दिन।
सरसों के खेतों में फूले,
खुशबू भीने पीले दिन।
धूप शहद-सी चटा रहे,
सबको खूब सजीले दिन।
कोपल-कोपल में लटके,
मोती से चमकीले दिन।
नाच रहे सब मस्ती में,
छम-छम छैल-छबीले दिन।



# हंसगुल्ले



**चिंटू:** मुझे आंख बंद करने के बाद भी दिखाई देता है।
**मिंटू:** अच्छा, क्या दिखाई देता है?
**चिंटू:** अंधेरा।
**-साकेत, बिलासपुर**

**नन्ही रिया (अपनी दीदी से):** दीदी, मुझे लिखना आ गया है।
**दीदी:** अच्छा! कुछ लिखकर दिखाओ तो।
रिया ने नोटबुक पर कुछ टेढ़ी-मेढ़ी लाइंस खींच दी।
**दीदी:** अरे! ये क्या लिखा है तुमने?
**रिया:** दीदी, अभी मैंने सिर्फ लिखना सीखा है, पढ़ना नहीं सीखा।
**-प्रज्ञा, रायपुर**

**सोनू:** तुम हमेशा अपनी जेब में नीबू लेकर क्यों चलते हो?
**मोनू:** ताकि अगर रास्ते में कोई दुश्मन मिल गया तो उसके दांत खट्टे कर सकूं।
**-श्रेया, दुर्ग**

# जीके क्विज-193



1. हाल में ही पड़ोसी देश बांग्लादेश के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
2. विक्टोरिया मेमोरियल किस राज्य में स्थित है?
3. चार सौ ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पहले टेनिस खिलाड़ी कौन बने हैं?
4. भारत में किसी राज्य की पहली महिला राज्यपाल कौन बनी थीं?
5. भारत में पहली रेलगाड़ी किस वर्ष चली थी?
6. हाल में भारत की यात्रा पर आए इमैनुअल मैंक्रॉ किस देश के राष्ट्रपति हैं?
7. 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से किसे जाना जाता है?
8. सल्फ्यूरिक अम्ल का रासायनिक सूत्र क्या होता है?
9. कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) दूध को दही में बदल देता है?
10. किस पुरस्कार को 'एशिया का नोबेल पुरस्कार' कहा जाता है?

**बच्चो, जीके क्विज-193 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-192 का उत्तर:** 1.इंग्लैंड, 2.जे.के. रोलिंग, 3.अश्विनी वैष्णव, 4.स्वामी विवेकानंद, 5.स्टेपीज, 6.आइजैक न्यूटन, 7.सैम मानेकशॉ, 8.मंगल, 9.सोडियम क्लोराइड, 10.हेनरी कैवेंडिस

**जीके क्विज-192 का सही उत्तर देने वाले:** अमित-सक्ती, श्रेया-दामोह, कबीर-हिसार, अनहद-बिलासपुर, अजय-फतेहाबाद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-झज्जर, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-बैकुंठपुर, सुयश-रायपुर, अर्णव-बिलासपुर, कुसुम-भिलाई, तमन्ना-कोरबा, मनीष-रोहतक, विकास-महासमुंद

नयन दिल्ली के एक होटल में रुकने आया तो उसे अपने रूम में लॉक की जगह एक कार्ड मिला, जिसको लगाने से रूम का डोर लॉक होता, ओपन होता। नयन ने पापा से जब इसके बारे में पूछा तो उन्होंने इसकी पूरी तकनीक उसे समझायी। बच्चो, तुम भी जानो।

# नयन की होटल यात्रा

नॉलेज स्टोरी
आलोक कुमार दुबे



नयन अपनी फैमिली के साथ एक शादी में शरीक होने के लिए दिल्ली आया। स्टे के लिए वह एक होटल में गया। साथ में उसके चाचा की भी फैमिली थी। रिसेप्शन पर रजिस्टर में डिटेल भरने के बाद सभी को कमरों का नंबर बताकर उन्हें वहां पहुंचाने को कहा गया। होटल का जो कर्मचारी कमरे तक सामान लेकर आया था, उसने एक प्लास्टिक के कार्ड को कमरे के डोर पर टच किया और फिर हाथ से हैंडल को घुमाकर दरवाजा खोल दिया, फिर उस कार्ड को अंदर दरवाजे के पास एक कार्ड पॉकेट में डाल दिया। तुरंत ही कमरे की बत्तियां जल गईं। उसने बताया कि जब आप बाहर जाएं तो कार्ड निकाल कर साथ में जरूर ले जाएं, नहीं तो डोर अंदर से बंद हो जाएगा, आपको परेशानी होगी। नयन यह सब बहुत ध्यान से देख-सुन रहा था।

मम्मी-पापा जब कमरे में सामान रख रहे थे, नयन ने कमरे का दरवाजा खोला और यह जांचा कि दरवाजा अंदर से खुल रहा है या नहीं? वह बाहर निकल आया और दरवाजा बंद होने पर उसे बाहर से हैंडल घुमाकर खोलने लगा, लेकिन वह नहीं खुल रहा था। दरवाजे के बाहर लगी घंटी के स्विच तक उसका हाथ नहीं पहुंच रहा था। तब-तक बगल के कमरे से निकले चाचा की नजर उस पर पड़ी, उन्होंने पूछा, 'अरे! तुम बाहर क्या कर रहे हो?' चाचा ने घंटी बजाकर दरवाजा खुलवाया और उसे समझाया, 'अपने कमरे का नंबर याद कर लो और बिना बताए बाहर न निकलना। होटल के बाहर तो बिल्कुल भी नहीं। नहीं तो शादी में आने का सारा मजा किरकिरा हो जाएगा।'

कुछ देर बाद सभी लोग नहा-धो कर जब तैयार हो गए तो एक बड़े से कमरे में सभी लोगों को नाश्ते के लिए जाना था। पापा ने कमरे से बाहर निकलने के पहले कार्ड निकाल कर जेब में डाल लिया और दरवाजा बंद कर दिया। वापस आने पर



कार्ड को दरवाजे के हैंडल के पास टच किया और हैंडल घुमा कर दरवाजा खोल लिया। जब नयन से रहा नहीं गया तो उसने पूछा, 'पापा, अपने घर पर तो हम लोग चाबी से दरवाजा खोलते और बंद करते हैं, इस होटल में चाबी की जगह इस कार्ड से दरवाजा खुलता है। यह कैसे होता है, मेरी समझ में नहीं आ रहा है?'

'अरे भाई, इस होटल के दरवाजे पर आर.एफ.आई.डी. तकनीक का ताला लगा हुआ है। जब इस कार्ड को हम पास में लाते हैं तो ताले का रीडर उसे रीड कर लेता है या पहचान लेता है और हैंडल घूमने लगता है, दरवाजा खुल जाता है।' पापा ने नयन को बताया।

'तो क्या अपने कमरे के कार्ड से चाचू के कमरे को खोला जाए तो वह नहीं खुलेगा? ' नयन ने दूसरा प्रश्न किया।

'नहीं, हर कार्ड पर कमरे की संख्या अंकित है। उस कमरे के ताले की रेडियो तरंग (फ्रीक्वेंसी) कार्ड से मिलान होना जरूरी है।' पापा ने जानकारी दी। 'अच्छा अगर अपना कार्ड कहीं खो जाए या हम लोग इसे लेकर घर चले जाएं तो होटल वाले क्या करेंगे?' नयन ने अगला सवाल किया।

'हां भाई, होटल वालों को अकसर ऐसे ग्राहकों से पाला पड़ता रहता है। दूसरी चाबी बनाने का खर्च और मेहनत ज्यादा पड़ती है, जबकि एक कार्ड की कीमत बहुत कम होती है। तुमको बता दूं कि यह कार्ड सिर्फ उस समय तक काम करेगा, जब तक का पैसा होटल वालों के पास जमा है, उसके बाद इस कार्ड से भी दरवाजा नहीं खुलेगा और रिसेप्शन काउंटर पर जाकर इसे फिर रिचार्ज कराना पड़ेगा।' 'लेकिन पापा जब हम लोग नाश्ता करने जा रहे थे तो होटल के वर्कर के पास एक ही कार्ड था। वह उस कार्ड से कई कमरे खोल कर उनमें पानी की बोतल आदि सामान रख रहा था, वह कैसे?' नयन ने पूछा। 'यही तो इस तरह के ताले की विशेषता है। होटल के कर्मचारी को साफ-सफाई या अन्य कार्य के लिए हर कमरे की अलग-अलग चाबी नहीं रखनी पड़ती। बस एक मास्टर कार्ड से ही सब कमरे खुल सकते हैं।' पापा ने बताया।

'पापा, मुझे इसीलिए तो आप के साथ घूमने में मजा आता है, क्योंकि नई-नई बातें जानने को मिलती हैं।' यह कहकर नयन ने हंसते हुए ताली बजाई और कमरे से बाहर निकल गया। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# देश के गर्व भारत रत्न

बच्चो, तुम यह तो जानते ही होगे कि अपने देश भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान का नाम भारत रत्न है। आजादी के बाद वर्ष 1954 से अब तक 53 विभूतियों को यह सम्मान प्रदान किया जा चुका है। भारत रत्न देने की शुरुआत कैसे हुई? इसमें क्या प्रदान किया जाता है? और इसे प्राप्त करने वाली विभूतियों के बारे में विस्तार से पुस्तक 'देश के अनमोल रत्नः भारत रत्न' में बताया गया है। इसे प्रसिद्ध बाल साहित्यकार समीर गांगुली ने लिखा है। यहां तुम देश के पहले उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन, भौतिक वैज्ञानिक डॉक्टर सी.वी. रमन, पूर्व राष्ट्रपति और वैज्ञानिक ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, गायिका लता मंगेशकर, शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खां जैसी अनेक हस्तियों समेत विदेशी मूल की भी दो महान विभूतियों मदर टेरेसा और नेल्सन मंडेला के बारे में भी जान सकते हो। इस किताब को पढ़कर तुम जान सकोगे कि जिन हस्तियों को यह सम्मान प्रदान किया गया उन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में कितना अद्वितीय योगदान देकर भारत देश का नाम पूरे विश्व में विख्यात किया। निश्चित ही इस किताब को पढ़कर तुम भी इनकी तरह अपने देश और समाज के लिए बड़े काम करने के लिए प्रेरित होगे। *




**किताब:** देश के अनमोल रत्न: भारत रत्न, **लेखक:** समीर गांगुली, **मूल्य:** 300 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

# रंग भरो-196

**रंग भरो-196** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आशना, जांजगीर



दिशांत, महेंद्रगढ़ · मीनाक्षी, सक्ती · रेयांश, बिलासपुर · सौम्य, कोरबा · वैश्निका, रायपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

माही-महासमुंद, प्रियंका-रायपुर, संचिता-भोपाल, कोमल-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, परी-हिसार, कविता-बालोद, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, प्रिया-करनाल, रचना-कोरबा

# रंग भरो 197



बच्चो, यहां अपना होम वर्क पूरा करते हुए चिंकी और मिंकी का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### बोलेरो की टक्कर से दंपति घायल

**कनीना।** बेवल गांव के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दंपति घायल हो गए। घायलों की पहचान झिगावन वासी सत्यसिंह व इंदु के रूप में हुई है। घायल सत्यसिंह ने दौंगड़ा अहीर पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि वह बाइक पर सवार होकर अपनी पत्नी के साथ किसी काम से बेवल की ओर जा रहा था। बेवल गांव के समीप पहुंचा तो पीछे से तेज गति से आ रही बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया। आरोपित चालक की पहचान खैराना निवासी नवीन के रूप में हुई है। पुलिस ने शिकायत पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### पुलिस ने काटा बाइक का सीट बेल्ट का चालान

**नारनौल।** पुलिस ने एक बाइक का सीट बेल्ट का चालान काट दिया गया। मामला सामने आने के बाद परिवहन नियमों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। बाइक मालिक राजपाल ने बताया कि 13 फरवरी को बाइक उनका बेटा एकांश यादव बाइक लेकर खेत की ओर जा रहा था। बताया गया कि युवक खेत में जाने के लिए निकला था, लेकिन पुलिस ने वाहन को रोककर इंपाउंड कर दिया। राजपाल के अनुसार जब वे पुलिस चौकी फैजाबाद पहुंचे, तो पता चला कि बाइक का ऑनलाइन चालान काट दिया गया है। सबसे हैरानी की बात यह रही कि चालान में सीट बेल्ट उल्लंघन भी दर्ज है, जबकि बाइक पर सीट बेल्ट का प्रावधान ही नहीं होता। इसके अलावा कुछ अन्य ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन भी दर्ज बताए जा रहे हैं।

### श्रीश्याम सेवा शिविर का शुभारंभ आज

**नांगल चौधरी।** नियामतपुर मौरूंड में मोर मुकुट सेवा समिति के तत्वावधान में 19वें श्रीश्याम सेवा शिविर का शुभारंभ 20 फरवरी को किया जाएगा। जिसमें श्याम भक्तों को निःशुल्क भोजन व विश्राम की सुविधा मिलेगी। कमेटी के प्रवक्ता ने बताया कि भरां वाले हनुमान मंदिर मौरूंड में हर साल श्रीश्याम सेवा शिविर की परंपरा बनी हुई है। जिसमें ध्वजा लेकर पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं को जलपान, भोजन उपलब्ध कराने के साथ रात्रि ठहराव की व्यवस्था मुहैया कराई जाएगी। श्रीश्याम के भजनों का विशेष प्रबंध किया गया है, ताकि यात्रियों को थकान से राहत मिल सके।

*दिसंबर में सांसद धर्मबीर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हुई मीटिंग में रखे गए थे प्रस्ताव*

# खनिज फाउंडेशन की 6.5 करोड़ की ग्रांट से होंगे तीन दर्जन से भी अधिक गांवों में विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जिले के तीन दर्जन से भी अधिक गांवों में जिला खनिज फाउंडेशन की ग्रांट के तहत लगभग 6.5 करोड़ रुपये की राशि से विभिन्न विकास कार्य करवाए जाएंगे। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि दिसंबर में जिला खनिज फाउंडेशन की एक महत्वपूर्ण बैठक सांसद धर्मबीर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हुई थी। इस बैठक में जिला खनिज फाउंडेशन के फंड के तहत विभिन्न गांवों में विकास कार्य के अनेक एजेंडे रखे गए थे। खनन विभाग की तरफ से इन सभी विकास कार्यों के रिव्यू के बाद फाउंडेशन के चेयरमैन द्वारा जिला उपायुक्त के सामने ये रखे गए थे। फाउंडेशन की बैठक में सांसद धर्मबीर सिंह ने निर्देश दिए थे कि जिला प्रशासन ये सुनिश्चित करे कि विकास के इन सभी कार्यों पर जल्द-से-जल्द कार्य शुरू करवाए जाए। जिला उपायुक्त की तरफ से अब इन सभी कार्यों को मंजूरी प्रदान कर पंचायती राज विभाग को नोडल एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है।


महेंद्रगढ़। गांव डुलाना का पंचायती बोरवेल से सलीमाबाद रोड तक का कच्चा रास्ता।

### प्रमुख कार्य

27 गांवों में साफ-सफाई के लिए दिए जाएंगे ट्रैक्टर एवं ट्रॉली।
10 गांवों में बनेगी ई-लाइब्रेरी, प्रत्येक पर खर्च होंगे पांच लाख।
छह गांवों में जोहड़ों को नहरी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा।

### इन गांवों में दिए जाएंगे ट्रैक्टर एवं ट्राली

सरकार की ओर से जड़वा, बखरीजा, बायल, नांगल दर्गु, धौलेड़ा, गोलवा, मूसनौता, पाचनौता, ढाणी रावता, बिगोपुर, गांवडी जाट, ऊष्मापुर, राजावास, गढ़ी, डिगरोता, मुकन्दपुरा, दोखेरा, सरेली, निजामपुर, रोपड़ सराय, छापड़ा बीबीपुर, आंतरी, बिहारिपुर, खतौली अहीर, बसीरपुर व पथरवा गांव को ट्रैक्टर एवं ट्रॉली दिए जाएंगे।

### नहरी नेटवर्क से जुड़ेंगे जोहड़

| गांव का नाम | लागत |
|---|---|
| भांडोर ऊंची | सात लाख |
| खेड़ा | 22 लाख |
| रिवासा | 30 लाख |
| नांगल सिरोही | 25 लाख |
| कालबा | 10 लाख |
| कोथल कलां | 30 लाख |

### इन गांवों में बनेगी ई-लाइब्रेरी

दोंगली, गोठड़ी, माधोगढ़, डालनवास, मूसनौता, छापड़ा बीबीपुर, लूजोता, बिगोपुर व मौसमपुरा में ई लाइब्रेरी बनाई जाएंगी।

### गांवों के विकास कार्य पर होने वाली लागत

| | |
|---|---|
| गांव पथरवा-ढाणी ब्राह्मणान में शिव मंदिर से शिव धाम का रास्ता - | 15 लाख |
| गांव जवाहर नगर- खेल मैदान की चारदिवारी व पार्क का निर्माण - | 20 लाख |
| वार्ड नंबर 15 नारनौल-शिव धाम तक रास्ता निर्माण - | 15 लाख |
| महेंद्रगढ़ शहर रेजांगला पार्क के पास बोरवेल- | 10 लाख |
| गांव बवानिया-प्रगतिशील संगठन के मशीनरी - | 6.5 लाख |
| गांव दनचोली-पंचायत घर में टीन शेड एवं गांव में पार्क का निर्माण- | 19 लाख |
| गांव डुलाना-पंचायती बोरवेल से लेकर सलीमाबाद सड़क रास्ता निर्माण- | 15 लाख |
| गांव गोठडी-सामुदायिक केंद्र का निर्माण- | 20 लाख |
| गांव आदलपुर-इनडोर जिम- | पांच लाख |
| गांव बास खुड़ाना-शिव मंदिर से जोहड़ तक फिरनी निर्माण- | 10 लाख |
| गांव सतनाली-गोशाला में शेड निर्माण- | 20 लाख |
| गांव सिरीही बाहली-एससी बस्ती से स्कूल तक नाला निर्माण- | 15 लाख |
| गांव कारोली-बोरवेल- | 10 लाख |
| गांव भूषण कला-एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण- | 15 लाख |
| गांव दोखेरा-आरओ प्लांट- | पांच लाख |
| गांव बखरीजा-आरओ प्लांट- | पांच लाख |
| गांव इस्लामपुरा-ओपन जिम एवं ट्रैक निर्माण- | 20 लाख |

## नपा प्रधान ने पूर्व सचिव की कार्यप्रणाली पर उठाए कड़े सवाल

# 50 वर्षों से काबिज दुकानदारों का किराया पुनः शुरू करने के आदेश

**पुलिस, पीडब्ल्यूडी व आईटीआई विभाग ने किया दुकानों पर मलकियत का दावा, केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगरपालिका कार्यालय में गुरुवार को प्रधान की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु बालाजी चौक से आईटीआई रोड पर स्थित नगरपालिका की दुकानों का किराया बंद होने से उपजा विवाद रहा। प्रधान ने पूर्व सचिव की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल उठाते हुए अधिकारियों को आगामी 10 दिनों के भीतर किराया वसूली प्रक्रिया दोबारा शुरू करने के सख्त निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान प्रधान ने बताया कि बालाजी चौक से आईटीआई रोड तक करीब 50 वर्ष पहले नगरपालिका द्वारा 50 से अधिक दुकानें बनाकर नियमानुसार आवंटित की गई थीं। दुकानदार दशकों से समय पर किराया जमा कर रहे थे, लेकिन पूर्व सचिव प्रशांत पराशर ने बिना किसी ठोस कारण, बिना नोटिस और बिना किसी कानूनी आधार के मौखिक आदेशों से किराया लेना बंद कर दिया था।

प्रधान ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय सचिव के अधिकार क्षेत्र से बाहर था। इस संबंध में न तो प्रधान से विचार-विमर्श किया गया और न ही उच्च अधिकारियों से अनुमति ली गई। इस मनमाने फैसले से नगर पालिका को भारी वित्तीय हानि हुई है और दुकानदारों को मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। इस मौके पर नगर पालिका सचिव गौरव सांगवान, एमई राजेश कौशिक, जेई नवदीप सिंह व दुकानदार उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। बैठक लेते नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी। फोटो हरिभूमि

### 10 दिन की सीमा तय

नगर पालिका प्रधान ने प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि 10 दिन के अंदर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर किराया वसूली की फाइल आगे बढ़ाई जाए और उन्हें रिपोर्ट सौंपी जाए। उन्होंने साफ किया कि नगरपालिका की संपत्ति की रक्षा करना और दुकानदारों के हितों का ध्यान रखना उनकी प्राथमिकता है।

### मलकियत विवाद पर होगी कानूनी घेराबंदी

मामले में नया मोड़ तब आया जब यह संज्ञान में लाया गया कि पुलिस विभाग, पीडब्ल्यूडी और आईटीआई विभाग ने इन दुकानों पर अपनी मलकियत का दावा करते हुए न्यायालय में केस दायर कर दिया है। इस पर प्रधान ने कड़ा रुख अपनाते हुए सचिव को आदेश दिया कि तहसीलदार के माध्यम से तुरंत उक्त भूमि की दोबारा पैमाइश करवाई जाए ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके। नगरपालिका के वकील से परामर्श लेकर अन्य विभागों द्वारा किए गए दावों का मजबूती से जवाब दिया जाए। उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर इस पूरे मामले से अवगत कराया जाए।


नारनौल। कस्तूरबा गांधी स्कूल का नियामतपुर में बना भवन। फोटो : हरिभूमि

### कस्तूरबा गांधी स्कूल में दाखिले के लिए आवेदन शुरू

**नारनौल।** राजकीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नियामतपुर में छठी कक्षा में दाखिला लेने के लिए प्रवेश फॉर्म मिलने आरंभ हो गए हैं। प्रधानाचार्य विजय सिंह यादव ने बताया कि फॉर्म 15 फरवरी से विद्यालय में मिलने आरंभ हो गए हैं। इसलिए जिन अभिभावकों को अपनी लड़कियों को छठी कक्षा में दाखिला दिलाना है, वह विद्यालय ऑफिस से प्रवेश फार्म प्राप्त कर सकते हैं। फॉर्म को पूर्ण रूप से भरकर एक मार्च को प्रातः 11 बजे तक जमा कर सकते हैं। इस विद्यालय में केवल अनाथ, फादरलेस, मदरलेस, एससी, बीसी ए, बीसी बी, बीपीएल, सिंगल गर्ल चाइल्ड, जिन पेरेंट्स को केवल लड़कियां ही हैं और कोई लड़का नहीं है, दाखले का फॉर्म भर सकती हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि यह एक राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय है, जिसमें पूरी शिक्षा और हॉस्टल का खर्चा सरकार द्वारा वहन किया जाता है।


महेंद्रगढ़। पार्क में स्वच्छता अभियान चलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### आरपीएस ने तीसरे दिन चलाया प्लास्टिक मुक्त अभियान

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस डिग्री कॉलेज के स्वयंसेवकों द्वारा संचालित शिविर के तीसरे दिन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से कई महत्त्वपूर्ण जागरूकता और स्वच्छता अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश डागर के कुशल नेतृत्व में किया जा रहा है, जिसमें कुल 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। इस दौरान युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति और 'विकसित भारत' के निर्माण में जनभागीदारी का संदेश दिया। शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत शहर के देवीलाल पार्क से हुई। पार्क परिसर में भारी मात्रा में पड़ी प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथिन और कूड़ा-करकट देखकर स्वयंसेवकों ने तुरंत 'प्लास्टिक मुक्त महेंद्रगढ़' अभियान छेड़ दिया। सभी ने मिलकर पार्क में व्यापक स्तर पर सफाई की और उसे प्लास्टिक मुक्त बनाया।



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### अरावली इंटरनेशनल स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**महेंद्रगढ़।** अरावली इंटरनेशनल स्कूल के 14 विद्यार्थियों ने आईआईटी, जेईई की परीक्षा क्वालिफाई की है। छात्र ज्यंत यादव ने 99.193 परसेंटाइल लेकर विद्यालय को टॉप किया। शुभम, कशिश, तनिश, विकास, विशाल, पूर्व ने 95 परसेंटाइल लेकर स्कूल का नाम रोशन किया। चेयरमैन अशोक कुमार ने बताया कि ये बच्चे शुरु से ही अरावली स्कूल में पढ रहे है। विद्यालय में ही रेगुलर कक्षा ऐटेंड करके यह उपलब्धि हासिल की है। बच्चों के अभिभावकों ने विद्यालय व अध्यापकों का धन्यवाद किया। प्राचार्य शक्ति सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देकर अन्य छात्रों को भी आगे आने वाली अन्य प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। चेयरमैन अशोक कुमार व सीईओ महेश यादव ने सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य कि कामना की।

## आरपीएस के छात्रों ने किया केंद्रीय विश्वविद्यालय का भ्रमण

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस डिग्री कॉलेज के मानविकी विभाग के छात्र-छात्राओं ने वीरवार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट-पाली का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों की कार्यप्रणाली, आधुनिक अनुसंधान सुविधा और शैक्षणिक वातावरण से रूबरू कराना था। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव और सीईओ मनीष राव ने विद्यार्थियों को अपनी शुभकामना प्रेषित की। उन्होंने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। आरपीएस ग्रुप सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध रहा है। भ्रमण दल को कॉलेज कुलसचिव डॉ. देवेंद्र यादव, निदेशक डॉ. महेश यादव, संस्थान प्राचार्य देवेन्द्र सिंह कादियान, अधिष्ठाता डॉ. हेमंत कुमार एवं विभाग अध्यक्ष डॉ. राजेश डागर ने भ्रमण दल को रवाना किया। प्राचार्य देवेन्द्र सिंह कादियान ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## जेईई में सीएल स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**नारनौल।** आईआईटी जेईई मेन के घोषित परिणाम में सीएल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के मेधावी छात्रों ने उत्कृष्ट परसेंटाइल हासिल कर सफलता का परचम लहराया। प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने बताया कि जेईई मेन में विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सुमित कुमार पुत्र रणसिंह ने 98.63 परसेंटाइल, मयंक सैनी पुत्र देवेंद्र कुमार 96.2, दिपांशु वर्मा पुत्र रवि शंकर ने 95.04 परसेंटाइल व गौरव शर्मा पुत्र संदीप कुमार ने 90.7 परसेंटाइल प्राप्त किए। निदेशक डॉ. अमित गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन व अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।

# प्रतिनिधियों को दी जाएगी तकनीकी जानकारी ग्राम पंचायतों में ई-शासन प्रणाली होगी लागू

- पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने के लिए 23 फरवरी से शुरू होगा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों और कर्मचारियों के लिए 23 फरवरी से 31 मार्च तक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण अभियान जिला एवं खंड स्तर पर अलग अलग चरणों में चलाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदय सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में सरपंचों, ग्राम सचिवों, लेखाकारों, लेखा अधिकारियों और पंचायत स्तर के संचालकों सहित पंचायत प्रणाली से जुड़े सभी प्रमुख पदाधिकारियों को शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान मुख्य रूप से डिजिटल शासन और वित्तीय पारदर्शिता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके तहत ई ग्राम स्वराज पोर्टल, सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली, ऑडिट, ऑनलाइन और सरकारी ई मार्केटप्लेस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

### पारदर्शी होगी प्रणाली

जिला परियोजना प्रबंधक ई पंचायत नितिन शर्मा ने कहा कि इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य पंचायतों में ई शासन प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करना है। विभिन्न डिजिटल माध्यमों से पंचायतों की कार्यप्रणाली पहले से अधिक पारदर्शी, तेज बनेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मचारियों की तकनीकी कुशलता बढ़ेगी,जिससे योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंच सकेगा। यह प्रशिक्षण ग्रामीण स्तर पर विकास कार्यों के बेहतर प्रबंधन और संचालन में एक मजबूत आधार सिद्ध होगा।

## जेईई में राजवंशी के 15 विद्यार्थियों ने पाई सफलता

**नारनौल।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से घोषित जेईई मेन परीक्षा परिणाम में राजवंशी स्कूल दौचाना के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। इस वर्ष कुल 15 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की, जिनमें से सात विद्यार्थियों ने 80 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के छात्र रोहित ने 96.018 परसेंटाइल प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त आयुष भार्गव ने 95.87, मणिकांत ने 94.89, मयंक ने 94.39, अमन ने 83.70 परसेंटाइल प्राप्त कर सफलता पाई। अन्य विद्यार्थियों ने भी 80 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत का परिचय दिया। प्राचार्य दिनेश कुमार सांखला ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन व अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि स्कूल में विद्यार्थियों को अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। विद्यार्थियों को समावेशी वातावरण प्रदान किया जाता है, ताकि वे जीवन में भी सफलता प्राप्त कर सकें।

## ग्रीष्म ऋतु में नहरी पानी से जल भंडार में मिलेगी सहायता

# पक्के जल भंडार देंगे किसान को तीसरी फसल: अभय

**क्षेत्र में जल भंडारों से फल एवं सब्जियों की खेती को मिलेगा बढ़ावा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नांगल चौधरी हल्के में दो दर्जन से अधिक गांवों में बने पक्के जल भंडारों का पानी आस पास के किसानों को गर्मी के मौसम में तीसरी फसल लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पूर्व सिंचाई मंत्री डॉक्टर अभय सिंह यादव ने वीरवार इस विषय में बोलते हुए कहा कि गर्मी की ऋतु में नहरों में उपलब्ध पर्याप्त पानी से इन जल भंडारों को एक से अधिक बार भरा जा सकता है। जिसके परिणामस्वरूप सिंचाई के लिए इन जल भंडारों में पर्याप्त पानी उपलब्ध रहेगा। इस जल का प्रयोग करके विभिन्न प्रकार की सब्ज़ियों की फ़सल व पशु चारा उगाने के लिए किया जा सकता है। गर्मी में तीसरी फसल की सिंचाई यथासमय और अपनी आवश्यकता के अनुसार की जा सकती है।


डा. अभय सिंह यादव।

### पीने के पानी के बाद कृषि के लिए जल भंडारों को दें वरीयता

इन जल भंडारों में पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने बताया कि उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से इस विषय में अनुरोध किया है कि आगामी पानी की बारी में पीने के पानी के जल भंडार भरने के उपरांत कृषि के लिए बनाए गये इन जल भंडारों को वरीयता से भरें। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा है कि गर्मियों में पानी की प्रत्येक बारी में किसानों द्वारा उपयोग से ख़ाली हुए जल भंडारों को भरना सुनिश्चित करें ताकि किसान को लगातार पानी मिलता रहे। पूर्व सिंचाई मंत्री ने किसानों से अपील की कि इस दिशा में वह महत्वपूर्ण पहल करे और ताकि यह क्षेत्र कृषि और फलों के उत्पादन में अपना स्थान बना सके।

### किसान भी जलभंडार बनाकर करें अच्छी शुरुआत

पूर्व सिंचाई मंत्री ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कृषि को अधिक लाभप्रद बनाने के लिए तीसरी फ़सल किसान की आमदनी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भागीदारी प्रदान कर सकती है। गर्मी में उगायी जाने वाली सब्ज़ियों के भाव भी अच्छे मिलते हैं और किसान को एक निश्चित आमदनी दे सकती हैं। परंपरागत तरीक़े से लिए जाने वाले फ़सल चक्र में आमतौर पर रबी एवं ख़रीफ़ की फ़सल ही मुख्य रूप से होती है। परंतु फल और सब्ज़ियों की खेती को अब पूरे प्रदेश में बढ़ावा मिल रहा है और प्रदेश के कुछ हिस्सों में किसान फल और सब्ज़ियों की कृषि से अच्छी आमदनी ले रहे हैं। अतः हमारे क्षेत्र के किसान भी इन जल भंडारों में उपलब्ध पानी से एक अच्छी शुरुआत कर सकते हैं। उन्होंने कृषि और बाग़वानी विभाग के अधिकारियों से भी आग्रह किया कि वे इस दिशा में किसानों का उचित मार्गदर्शन करें।

### श्रीकृष्ण स्कूल का जेईई मेन्स का परिणाम

**नारनौल।** जेईई मेन्स परीक्षा में श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मानव पुत्र गंगाराम ने 98.44 परसेंटाइल, सितांशु पुत्र देवेन्द्र कुमार 92.55, नितिन पुत्र राजकुमार 92.50, हिमेश कुमार पुत्र कृष्ण कुमार 88, मोनिका पुत्री महेश 86.23, यश कुमार पुत्र सुनिल कुमार 81.20, समीर पुत्र मनोज कुमार 80.50 परसेंटाइल प्राप्त किए। इनके अलावा जिया, आकाश, साक्षी, भूपेश, पारूल, हरीश, नेहा ने शानदार प्रदर्शन किया। प्राचार्य वेदपाल यादव ने कहा कि क्षेत्र में होनहार प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन की जरूरत है। चेयरमैन राजपाल यादव ने कहा कि संस्था सभी वर्गों के विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जा रही हैं।


नारनौल। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी।

### मुख्यमंत्री ने जमीन अधिग्रहण करने के लिए मुआवजे की दरें बढ़ाने को दी मंजूरी

# आरओबी के सर्विस रोड को चौड़ा करने का रास्ता साफ, लोगों को मिलेगी राहत





रेवाड़ी। सीएम के साथ वीसी करते अधिकारी व कॉलोनीवासी तथा भाड़ावास रोड स्थित आरओबी व तंग सर्विस रोड। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

रेवाड़ी-शाहजहांपुर रोड स्थित भाड़ावास ओवरब्रिज के सर्विस रोड को चौड़ा करने का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। सरकार ने सर्विस रोड के लिए जमीन लेने के लिए मुआवजे की दरें बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। नवंबर 2025 में प्रशासनिक अधिकारियों और भू-मालिकों की बैठक में मुआवजे की राशि बढ़ाने को लेकर सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था। नए प्रस्ताव के अनुसार मुआवजे की राशि में करीब 3 से 4 करोड़ रुपये बढ़ाई जानी थी, जिसमें पहले 13.81 करोड़ रुपये मंजूर हुए थे, जबकि जमीन मालिकों की डिमांड के अनुसार मुआवजे के लिए करीब साढ़े 17 करोड़ रुपये की जरूरत थी। अब मुख्यमंत्री के साथ अधिकारियों व भू-मालिकों की वीसी में मुआवजा राशि बढ़ाने की मंजूरी मिल गई है। अब जमीन को अधिग्रहित कर जल्द सर्विस रोड को चौड़ा किया जाएगा। अभी सर्विस रोड की चौड़ाई कहीं 6 तो कहीं 8 फीट है।

### आरओबी बनने के बाद छह फीट रह गया सर्विस रोड

फ्लाईओवर निर्माण शुरू होने के दौरान से ही पुल के दोनों ओर सर्विस रोड की चौड़ाई महज 6 से 8 फीट रह गई थी। इसमें बिजली पोल भी खड़े हैं। सर्विस रोड कम चौड़ा होने के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। एचएसआरडीसी की ओर से दोनों ओर 18-18 फीट जमीन अधिग्रहित करने का निर्णय लिया था और सरकार को मुआवजा राशि बढ़ाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया था, जिसको सरकार ने मंजूर कर लिया है। इससे सर्विसलेन की चौड़ाई बढ़कर करीब 25 फीट तक हो जाएगी।

### इन क्षेत्रों की जमीन ली जाएगी

आरओबी सर्विस रोड के लिए जमीन खरीद की दरों पर बनी सहमति के अनुसार, 3 मुख्य क्षेत्रों की जमीन के लिए दरें तय की गई हैं। कंपनी बाग साइड की ओर 60 हजार रुपये प्रति वर्ग गज, परशुराम कॉलोनी में 40 हजार रुपये प्रति वर्ग गज तथा न्यू आदर्श नगर की जमीन की दर 40 हजार रुपये प्रति वर्ग तय की गई है। चौथी तरफ अनाज मंडी का एरिया आता है, यहां पहले से सर्विस रोड की जगह ठीक है, इसलिए जमीन अधिग्रहण की जरूरत नहीं है।

### ये रहे मौजूद

बुधवार को मुख्यमंत्री के साथ हुई वीसी में डीसी अभिषेक मीणा, डीएमसी ब्रह्मप्रकाश, एसडीएम सुरेश कुमार, डीआरओ प्रदीप देशवाल, नप एक्सईएन अंकित वशिष्ठ, एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह गुप्ता,एडवोकेट नरेन्द्र पिपल, दीपक सैनी, जयसिंह जाट व देवेन्द्र जांगड़ा सहित अनेक भाड़ावास रोड वासी मौजूद थे।



रेवाड़ी। डीडीपीओ को ज्ञापन सौंपते हुए संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# किसान संगठन ने मांगों को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

■ बुढ़ापा पेंशन पर कोई भी शर्त लगाना पूरी तरह से सामाजिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने वीरवार को बुढ़ापा पेंशन बंद करने में लगाई गई शर्तें तथा प्राइवेट बसों में विद्यार्थियों व बुजुर्गों से पूरा किराया वसूलने के विरोध में प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम डीडीपीओ एचपी बंसल को ज्ञापन सौंपा। सरकार से बुढ़ापा पेंशन पर लगाईं गई शर्ते हटाने, बुढ़ापा पेंशन को कानूनी अधिकार देने व प्रति माह 5000 रुपये बुढ़ापा पेंशन देने की मांग की। विद्यार्थियों व बुजुर्गों से प्राइवेट बसों में पूरा किराया वसूला जा रहा है, जिस पर रोक लगाई जाए और सरकार की ओर से किराये में दी गई छूट प्राइवेट बसों में भी लागू की जाए। बुढ़ापा पेंशन पर कोई भी शर्त लगाना पूरी तरह से सामाजिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ है।

### 3 लाख सालाना आमदनी वाले बुजुर्ग बुढ़ापा पेंशन के पात्र नहीं

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर सगठन के जिलाध्यक्ष रामकुमार निमोठ ने कहा कि सरकार का कहना है कि पीपीपी में सभी स्रोतों से 3 लाख सालाना आमदनी वाले बुजुर्ग बुढ़ापा पेंशन के पात्र नहीं हैं। इस नियम के तहत प्रदेश के असंख्य बुजुर्ग बुढ़ापा पेंशन से वंचित हो जाएंगे, क्योंकि रबी व खरीब की फसल अनाज मंडी में बेचकर किसान के खाते में जो पैसा आता है, वह भी शामिल है। पहले ही ज्यादातर किसानों के लिए खेती घाटे का सौदा होती जा रही है।

### ये रहे मौजूद

संगठन के जिला उपाध्यक्ष अमरसिंह राजपुरा, राकेश कुमार, निरंजन, महेंद्र सिंह चौहान, मास्टर बलवान, रतन प्रकाश डहीना, धर्मपाल व अशोक कुमार कुमावास मौजूद थे।

## यूथ स्टेट वालीबॉल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

वालीबॉल एसोसिएशन हरियाणा के बैनर तले आगामी 23 से 25 फरवरी तक सिरसा में आयोजित होने वाली 11वीं यूथ स्टेट वालीबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए रेवाड़ी के खिलाड़ियों का ट्रायल 21 फरवरी को राव तुलाराम स्टेडियम में सुबह 11 बजे लिया जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारी में जिला वालीबॉल संघ की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें ट्रायल के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई।

## परिवार को सहायता राशि का चेक किया वितरित



कोसली। कोसली मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन दिनेश गोयल ने वीरवार को मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के अंतर्गत आश्रित परिवार को सहायता राशि का चेक प्रदान किया। मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन दिनेश गोयल ने गांव कुंजैया निवासी जयपाल को एक लाख 87 हजार 500 रुपए की सहायता राशि का चेक दिया। वाइस चेयरमैन ने बताया कि किसी किसान के साथ खेती का काम करते समय कोई दुर्घटना हो जाती है तो हरियाणा सरकार की ओर से मुख्यमंत्री किसान एवं खेतिहर मजदूर योजना के अंतर्गत आश्रित परिवार को आर्थिक सहायता दी जाती है। इस अवसर पर मार्केट कमेटी सचिव विकास यादव, नीलामी अभिलेखक राजेश व मंडी सुपरवाइजर अशोक कुमार मौजूद थे।

# निजी क्षेत्र कर कामकाजी महिलाएं दे सकेंगी शी-बॉक्स में उत्पीड़न की शिकायत

■ 24 जुलाई 2017 को पहली बार यह सुविधा केवल सरकारी महिला कर्मचारियों को दी गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



केंद्र सरकार की ओर से महिलाओं को कार्य क्षेत्र में सुरक्षित और समान अवसर प्रदान करने के लिए शी-बॉक्स पोर्टल शुरू किया गया है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि कार्यस्थल पर सुरक्षित माहौल और लैंगिक समानता का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने ऑनलाइन शिकायत की सुविधा का विस्तार करते हुए यह व्यवस्था की है। अब निजी क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएं भी शी-बॉक्स में उत्पीड़न की ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकती है। उन्होंने बताया कि 24 जुलाई 2017 को पहली बार यह सुविधा केवल सरकारी महिला कर्मचारियों को दी गई थी, लेकिन अब व्यवस्था निजी क्षेत्र में भी प्रभावी तरीके से लागू कराई जा रही है। डीसी ने बताया कि केंद्र सरकार की गाइड लाइन के अनुसार निजी कंपनियों में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण एसएच अधिनियम, 2013 अनिवार्य रूप से लागू किया गया है। इस अधिनियम के तहत निजी प्रतिष्ठान को चार सदस्यीय आंतरिक शिकायत समिति गठित करनी है। शी-बॉक्स यानि सेक्सुअल हैरेसमेंट इलेक्ट्रॉनिक बॉक्स महिला और बाल विकास मंत्रालय की वेबसाइट है। इसे कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायतों के लिए बनाया गया है। इस बॉक्स में शिकायत आने पर उसे संबंधित विभाग या संस्थान की अंदरूनी शिकायत समिति के पास भेजी जाएगी।

## यूजीसी कानून किसी के खिलाफ नहीं : सैनी

■ सुप्रीम कोर्ट के आदेश में हमें 70 साल बाद यूपीसी के रूप में न्याय मिला है

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



सांसद राजकुमार सैनी ने कहा कि एससी-ओबीसी भारत का मूल नागरिक है। यहां हिंदू केवल स्वर्ण समाज है, जिन्होंने अब तक बहुसंख्यक समाज को दबाकर रखा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश में हमें 70 साल बाद यूपीसी के रूप में न्याय मिला है, जिसे वापस कराने के लिए हिंदू समाज, हिंदू सम्मेलन कर रहा है। उन्होंने कहा कि यूजीसी कानून किसी के खिलाफ नहीं है। यह केवल दशकों से गुलामों का जीवन जी रहे देश के मूल नागरिकों एससी और ओबीसी को न्याय दिलाने के लिए है। वीरवार को यूजीसी के समर्थन में लोक जन सुरक्षा पार्टी ने राजकुमार सैनी की अगुवाई में धरना दिया। इस मौके पर सैनी ने कहा कि एससी और ओबीसी समाज को हिंदू सम्मेलनों का बॉयकाट करना चाहिए।

## जैतपुर से श्याम निशान लेकर खाटूधाम के लिए रवाना हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

वीरवार को गांव जैतपुर शेखपुर से श्याम प्रेमी खाटू श्याम की निशान पदयात्रा पर रवाना हुए। गांव के शिव मंदिर से शीश के दानी की जय, हारे के सहारे की जय, तीन बाण धारी की जय व खाटू नरेश की जय के जयकारे लगाते हुए श्याम भक्त डीजे की धुन पर थिरकते हुए खाटूधाम की पैदल यात्रा के लिए रवाना हुए। पदयात्रा में शामिल उर्मिला ने बताया कि जैतपुर से यह 26वीं पदयात्रा निकाली जा रही है, जोकि 24 फरवरी को खाटू श्याम पहुंचेगी। पदयात्रा में जैतपुर के साथ गांव



अलामुद्दीनपुर व गिंदोखर के श्रद्धालु भी शामिल थे। जैतपुर के सरपंच लोकेश कुमार उर्फ रिंकू ठेकेदार ने सभी भक्तों को श्याम पटका भेंट कर रवाना किया।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जानकारी देते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

## पुलिस ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने का दिलाया संकल्प

रेवाड़ी। जिला पुलिस की नशा मुक्ति और समाजिक जागरूकता की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में गठित नशा मुक्ति टीम ने वीरवार को गांव लुखी व कारोली में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाया। इस अवसर पर नशा मुक्ति टीम ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। उन्होंने कहा कि नशा शरीर ही नहीं, बल्कि जीवन और समाज के लिए भी जहर है। उन्होंने ग्रामीणों से अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगतकरवाया। उन्होंने बताया कि अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी प पासवर्ड हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में सभी को सतर्क रहना चाहिए और किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। ग्रामीणों को यातायात नियमों की भी जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत डायल 112 पर सूचना दें। इसके अलावा नशा गतिविधियों की सूचना मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर करें। इस मौके पर ग्रामीणों ने नशा और साइबर अपराधों से दूर रहने की शपथ भी ली।

**व्याख्यान** सांस्कृतिक राष्ट्रवाद भारत की साझा संस्कृति, परंपराओं व मूल्यों पर आधारित

# परिवार के स्वावलंबन में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : प्रदीप

■ सांस्कृतिक राष्ट्रवाद राष्ट्रीय पहचान को मजबूत करता है और देश के नागरिकों को एकजुट करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली



रेवाड़ी। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर व्याख्यान देते संघ के जिला प्रचारक प्रदीप। फोटो : हरिभूमि

कृष्ण नगर स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में वीरवार को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक प्रदीप ने कहा कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एक ऐसी विचारधारा है, जो भारत की विविधता को एकजुट करती है और देश की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के साथ साथ सामजिक समरसता बनाने में भूमिका निभाती हैं। परिवार के स्वावलंबन में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती हैं। इसलिए हमे एकल परिवार के चलन को रोककर संयुक्त परिवार की व्यवस्था को समझना तथा अपनाना होगा। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद भारत की साझा संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों पर आधारित है। यह विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देता है और देश की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध बनाता है। निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद राष्ट्रीय पहचान को मजबूत करता है और देश के नागरिकों को एकजुट करता है। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है और देश की सांस्कृतिक विरासत को विश्वभर में प्रसारित करता है। डा. अनिल कुमार ने अतिथियों का आभार जताया।

### ये रहे मौजूद

डा. रीनू यादव, अंजलि यादव, प्रवेश भारद्वाज, सुनिता यादव, नीलम यादव, पूजा, सोनिया यादव, प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, सनिता यादव, अंजू, मधु बाला, बिंदु, अजय पाल, निर्मला, सुशीला व रविन्द्र सहित अनेक छात्राएं उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली सराय रोहिल्ला-फुलेरा स्पेशल ट्रेन आज से 23 तक

रेवाड़ी। रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली सराय रोहिल्ला-फुलेरा-दिल्ली सराय रोहिल्ला अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 04401 दिल्ली सराय रोहिल्ला-फुलेरा अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 20 फरवरी से 22 फरवरी तक दिल्ली सराय रोहिल्ला से शाम 7:10 बजे रवाना होकर अगले दिन 2:30 बजे फुलेरा पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04402 फुलेरा-दिल्ली सराय रोहिल्ला अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा 21 फरवरी से 23 फरवरी तक फुलेरा से सुबह 11:40 बजे रवाना होकर शाम 6:05 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में दिल्ली कैंट, गुरुग्राम, पटौदी रोड, रेवाड़ी जंक्शन, कुंड, अटेली, नारनौल, डाबला, मावंडा, नीम का थाना, कांवट, श्रीमाधोपुर, रींगस जंक्शन और रेनवाल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 15 साधारण श्रेणी एवं गार्ड श्रेणी के 2 डिब्बों सहित 17 डिब्बे होंगे।



### एसबीआई ने छात्राओं को वितरित की साइकिलें

रेवाड़ी। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी यानि सीएसआर के तहत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी में छात्राओं को साइकिलें, सेनेटरी पैड व डिस्पोजल मशीन वितरित की गई। इस अवसर पर एसबीआई से मुख्य प्रबंधक महेश चंद्र, मैनेजर एचआर अरुण, डिप्टी मैनेजर एचआर रानु यादव एवं मैनेजर महेश यादव उपस्थित थे। एसबीआई बैंक के मुख्य प्रबंधक महेश चंद्र ने छात्राओं को कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं लगन के साथ पढ़ाई कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्राचार्या मोनिका यादव व पूनम सहित अनेक स्टाफ सदस्य मौजूद थे। प्राचार्या ने बैंक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।




### राज स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन

रेवाड़ी। राज इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। खेल महोत्सव में कक्षा प्री से कक्षा तीसरी के बच्चों ने सैक रेस, बैक रेस, फ्रॉग रेस, ब्रिक रेस, हर्डल रेस, बॉल बैलेंस रेस, रिंग स्किपिंग, पिरामिड रेस, बंदर रेस, बाधा रेस, बाल्टी और बॉल रेस, रिंग रेस, बॉल से पिरामिड तोड़ें व बैग व्यवस्थित करने सहित अनेक इवेंट में भाग लिया। मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन राजेंद्र सैनी तथा स्पेशल गेस्ट एडवोकेट प्रीतम ढिल्लों प्रेसिडेंट डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन बावल ने विजेताओं का पुरस्कृत किया। मंच संचालन शिक्षिका पिंकी सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रबंधक समिति से उषा सैनी, निदेशक नवीन सैनी, जितेंद्र सैनी, हेमंत सैनी, जनरल सेक्रेटरी जयश्री सैनी व ज्वाइंट सेक्रेटरी अन्नू सैनी उपस्थित थे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर सैय्यद सराय बालाजी मंदिर में 41 दिवसीय अनुष्ठान 21 से



रेवाड़ी। हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सत्य सनातन जागरूक 41 दिवसयीय अनुष्ठान का आयोजन 21 फरवरी से 2 अप्रैल तक किया जा रहा है। 21 फरवरी को प्रातः 7 बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जोकि श्री सालासर बालाजी सरकार मौहल्ला सैय्यद सराय से शुरू होकर हनुमान मंदिर, बड़ा तालाब से जल लेकर श्री सालासर बालाजी सरकार पर सम्पन्न होगी। इसके पश्चात हनुमान जी महाराज का केसर का जल, दूध, दही, शहद, इत्र व सभी तीर्थों के जल से वैदिक मत्रों से अभिषेक होगा। शाम 3 बजे से 6 बजे तक साधु-संतों के मुखारबिन्द से सत्संग-प्रवचन होगा। इसके बाद सवा करोड़ श्री हनुमान चालीसा पाठ 24 घंटे लगातार 41 दिन तक होगा। 41 दिवसीय अनुष्ठान के अर्न्तगत नित्य प्रति हवन, सहस्त्रअर्चन व 31 मार्च को श्री रामार्चन यज्ञ होगा।